Nai Duniya

टिकर ने दो नए उत्पाद लॉन्च 'टिकर वेल्थ' और 'टिकर ईओडी'

ये उत्पाद म्युचुअल फंड कारोबारियों और निवेषकों के लिए होंगे फायदेमंद

नई दिल्ली। टिकरप्लांट लिमिटेड (टिकर) ने म्युचुअल फंड बाजार में बैक ऑफिस एवं निवेष की सुविधा वाले वेब-आधारित एप्लीकेषन 'टिकर वेल्थ' के लॉन्च की घोशणा की है। इस नए एप्लीकेषन में ईंडिविजुअल फाइनैषियल एडवाइजर्स (आईएफए), म्युचुअल फंड वितरकों के साथ साथ निवेषकों के लिए जरूरी सभी फ ीचर्स शामिल हैं। इसके अलावा टिकर ने 'टिकर ईओडी' के लॉन्च की भी घोशणा की है जिसका मकसद छात्रों, षोधकर्ताओं, निवेषकों को बाजार धारणा और रुझानों को समझने में मदद करना है।

टिकर वेल्थ में एयूएम रिपोर्ट, एसआईपी रिपोर्ट (एसआईपी-एक्सपायर्ड, बाउंस्ड, एक्सपायरिंग आदि) क्लाइंट पोर्टफोलियो (संक्षिप्त एवं विस्तृत रिपोर्ट), ट्रांजेक्षन रिपोर्ट और डिविडेंड रिपोर्ट आदि जैसे कई नए फीचर्स षामिल हैं।

टिकरप्लांट के ज्वाइंट सीईओ अरिंदम साहा ने कहा, 'इस उत्पाद के साथ हमने आईएफए और अन्य लोगों को उनके व्यवसायों के प्रभावी ढंग से प्रबंधन में मदद करने की योजना बनाई है।

म्युचुअल फंड निवेष के जरिये बचत करना वित्तीय समावेषन और समृद्धि के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।' ब्रोकरेज गणना के लिए, यह एप्लीकेषन मासिक ब्रोकरेज रिपोर्ट, अपफ्रंट कमीषन, ट्रेल कमीषन, बी30 और अन्य ब्रोकरेज इंसेटिव रिपोर्ट मुहैया कराएगा। इस तरह की सभी रिपोर्टें फ ोलियो और स्कीम के अनुसार प्रदर्षित की जाएंगी।

पोर्टफोलियो और ट्रांजेक्षन पर नजर रखने के लिए वेब लॉगिन सुविधाएं ग्राहकों को मुहैया कराई गई हैं।